<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>'जल संरक्षण' पर कार्यक्रम का आयोजन</u>

पन्तनगर। 23 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'जल संरक्षण एवं संवर्धन' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह प्राध्यापक, सिंचाई एवं जल निकासी अभियांत्रिकी विभाग, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. अरविन्द सिंह तोमर एवं विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अदिति वत्स उपस्थित थे। डा. अरविन्द सिंह तोमर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वॉटर हार्वेस्टिंग के महत्व एवं विभिन्न तरीके जैसे रूफवाटर हार्वेस्टिंग, वर्षा जल हार्वेस्टिंग आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जल एक अत्यन्त आवश्यक प्राकृतिक संसाधन है। व्यापक स्तर पर जल की आवश्यकता विभिन्न क्षेत्रों जैसे सिंचाई, उद्योग, यातायात एवं घरेलू उपयोग में है। जल की आवश्यकता की भविष्य में वृद्धि होगी अतः भविष्य की पीढ़ियों को जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जल को बचाना आवश्यक है। जल संरक्षण में ताजे पानी के प्राकृतिक संसाधनों को स्थायी रूप से प्रबंधित करने, जल मंडल की रक्षा करने और वर्तमान एवं भविष्य की जल संबधी मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये नीतियां, रणनीतियां एवं गतिविधियां शामिल है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. सोनू रानी द्वारा किया गया।




*कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।*

**निदेशक संचार**